# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के सिवान जिले से गोरखपुर पाटलीपुत्र वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार आज गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखपुर रेलवे स्टेशन परिसर और क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री अपने सिवान दौरे से पहले कुशीनगर जिले में एयरपोर्ट पर थोड़ी देर के लिए रुकेंगे। उनके आगमन को देखते हुए वहां भी व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**********

गोरखपुर से लखनऊ का सफर कल से और सरल व सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल ही इक्यानवे किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेस वे गोरखपुर जिले को सीधे पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जोड़ते हुए लखनऊ तक पहुंचने का रास्ता आसान करने जा रहा है। इसकी शुरूआत से न सिर्फ गोरखपुर से लखनऊ की दूरी कम समय में पूरी की जा सकेगी, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को भी गति मिलने जा रही है। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सड़क सुरक्षा के लिए लिंक एक्सप्रेस वे पर भी लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा रहा है।

**********

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर, देश में खेलों में बड़े स्तर पर बदलाव आया है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, खेलो इंडिया और खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन–कीर्ति जैसी पहलों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। इससे वैश्विक खेल आयोजनों में भारतीय पदकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पैरा–एथलीट और एशियाई पैरालंपिक समिति की कार्यकारी बोर्ड की सदस्य दीपा मलिक ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में सरकार के बहुआयामी कदमों की सराहना की।

**पैरा खेलों की बात करूं डिसिबिलिटि एक्ट आया है जिसके तहत 21–7 से बढाकर 21 दिव्यांगताओं को उन्होंने डिसिबिलिटि एक्ट के अंतर्गत लिया। बेटी बचाओं, बेटी पढाओं, बेटी खिलाओं और साथ ही में लगता हुआ एक्सासेबल इंडिया कैंपेन एक शब्द अपंगों को दिव्यांग उनके सम्मान में तो एक ऑटोमैटिक इको सिस्टम क्रिएट हुआ जहां पर दिव्यांगों के सशक्तिकरण की बात होने लगी।**

**********

केंद्र सरकार इस वर्ष पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा संभव होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

***तीन हजार रुपये में जो पास है सालभर का, उसका अगर टोल पे किया जाएगा तो उसकी कीमत कम से कम 10 हजार से ज्यादा रुपये का टोल देना पड़ता था, वो केवल तीन हजार रुपये में होगा और ये जो वेलिडिटी है एक साल में 200 ट्रिप को क्रॉस कर सकते हैं। इसके साथ–साथ एक ट्रिप मिन्स एक टोल को क्रॉस करना। इसका फायदा यह होगा कि 200 ट्रिप्स यानी 200 टोल क्रॉस करना होगा और एक टोल क्रॉसिंग की एवरेज कॉस्ट केवल 15 रुपये पड़ेगी।***

**********

प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने चंदौली जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में आज योग मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इस मैराथन का आयोजन पतंजलि योग पीठ द्वारा किया गया। इससे पहले उन्होंने वाराणसी जिले के नमो घाट पर एनडीआरएफ के जवानों के साथ योगाभ्यास भी किया। इस बीच, अयोध्या जिले में राम की पैड़ी पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन चार हजार लोगों के योगाभ्यास के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

**********

प्रयागराज के केन्द्रीय कारागार में बन्द माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के पास से नकदी बरामद होने के मामले में ड्यूटी पर तैनात महिला डिप्टी जेलर और वार्डन को निलम्बित कर दिया गया है। जेल प्रशासन मामले की विस्तृत जांच कर रहा है। अली अहमद के पास एक दिन पूर्व तलाशी के दौरान ग्यारह सौ रूपये बरामद हुए थे।

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की दस्तक कल हो गयी। इसके चलते पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में अगले तीन–चार दिनों तक गरज–चमक के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वहीं मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अगले तीन से चार दिन तक लगभग सभी स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जतायी है।

**********